मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 101 ■ मंगलवार, 2 जुलाई 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

श्वेता तिवारी की सादगी ने जीता दिल

# निरंजन डावखरे ने फिर बाजी मारी

## कोंकण विभागीय स्नातक चुनाव में रमेश कीर को हराया

- निरंजन डावखरे 1 लाख 719 वोट पाकर हुए विजयी





**कल्याण.** विधान परिषद स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव 4 निर्वाचन क्षेत्रों अर्थात मुंबई स्नातक, शिक्षक, कोंकण स्नातक और नासिक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था।

मतगणना सोमवार को नेरुल के आग्री कोली संस्कृति भवन में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के लिए कुल 42 टेबल लगाये गये थे. इस चुनाव में कुल 1 लाख 43 हजार 297 मतदाताओं ने मतदान किया था. इनमें से 1 लाख 32 हजार 071 वोट वैध थे जबकि 11 हजार 226 वोट अवैध थे. जीत के लिए 66 हजार 036 वोटों का कोटा तय किया गया था.

कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के विद्यामान विधायक निरंजन डावखरे और कांग्रेस के रमेश कीर के बीच मुकाबला था. पांच जिलों ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग में फैले इस निर्वाचन क्षेत्र में करीब ढाई लाख मतदाता हैं। इनमें से करीब एक लाख मतदाता ठाणे जिले से हैं।

मुंबई स्नातक चुनाव में शिवसेना उबाठा गुट के उम्मीदवार अनिल परब और बीजेपी उम्मीदवार किरण शेलार के बीच सीधा मुकाबला था. शिव सना गुट की ओर से अनिल परब के भारी मतों से जीत की जानकारी सामने आ रही है. कहा जा रहा है कि कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के निरंजन डावखरे ने तीसरी बार जीत हासिल कर अपना गढ़ बरकरार रखा है."

मुंबई ग्रेजुएट कांस्टीट्यूएंसी में करीब डेढ़ लाख मतदाता हैं. पिछले 30 वर्षों से शिवसेना के कब्जे में रहे इस निर्वाचन क्षेत्र को बरकरार रखना ठाकरे समूह के लिए एक बड़ी चुनौती थी। लोकभारती के सुभाष मोरे, शिव सेना ठाकरे के जे. मो. अभ्यंकर, भाजपा समर्थित शिवनाथ दराडे, राष्ट्रवादी अजीत पवार समूह के शिवाजीराव नलावडे, शिंदे समूह के शिवाजी शेंडगे मैदान में हैं। लगभग 15 हजार मतदाताओं वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में अधिक पंजीकरण वाले उम्मीदवार के जीतने की संभावना हमेशा बनी रहती है।

### उम्मीदवारों को मिले वोट इस प्रकार हैं

1) निरंजन वसंत डावखरे, भाजपा :- 1 लाख 719
2) कीर रमेश श्रीधर, कांग्रेसः- 28 हजार 585
3) विश्वजीत तुलसीराम खंडारे, भीमसेना :- 536
4) अमोल अनंत पवार, निर्दलीय :- 200
5) अरुण भीकन भोई (प्रिंसिपल), निर्दलीय :- 310
6) अक्षय महेश म्हात्रे, निर्दलीय :- 302
7) गोकुल रामजी पाटिल, निर्दलीय :- 424
8) जयपाल परसुराम पाटिल, निर्दलीयः- 64
9) नागेश किसनराव निमकर, निर्दलीय :- 215
10) प्रकाश वड्डेपेल्ली, स्वतंत्र :- 33
11) मिलिंद सीताराम पाटिल, निर्दलीय :- 208
12) सलाह. शैलेश अशोक वाघमारे, निर्दलीयः-334
13)श्रीकंठ सिद्धेश्वर कामूर्ति, स्वतंत्र :- 141

# चौथी मंजिल से फेंककर कार्तिक की हत्या



- विट्ठलवाडी पुलिस ने गुत्थी सुलझाई
- आरोपी तीनों दोस्त गिरफ्तार
- बर्थडे पार्टी पर हुआ विवाद
- मृतक के जन्मदिन पर हुई शराब पार्टी



**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के चिंचपाड़ा इलाके में हुई युवक की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने हत्या के आरोप में 3 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है. तीनों आरोपियों ने 27 जून को कार्तिक की बर्थडे पार्टी के दौरान शराब पीने के बाद हुए झगड़े में चौथी मंजिल के बेडरूम से युवक को नीचे फेंक दिया था.

विट्ठलवाड़ी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक कार्तिक और उसके 3 दोस्त निलेश राजेश क्षीरसागर, सागर रामदास काले और धीरज नंदकुमार यादव शराब पीने के लिए चिंचपाड़ा, राहुल नगर, ग्राम पंचायत कार्यालय के पास स्थित आर्या अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर आरोपी निलेश के घर पर बैठे थे. जहां मृतक कार्तिक का निलेश के साथ झगड़ा हुआ और कार्तिक ने निलेश के सर पर दारू की बोतल फोड़ दी. जिसके बाद तीनों आरोपियों निलेश, सागर और धीरज ने मिलकर कार्तिक के साथ मारपीट की और चौथी मंजिल के बेडरूम की खिड़की से नीचे फेंक दिया. जिसके कारण उसकी मौत हो गई. कार्तिक का शव दूसरे दिन बिल्डिंग के नीचे पड़ा मिला। इस घटना के बाद विट्ठलवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और रात में कार्तिक के साथ शराब पी रहे तीन दोस्तों को हिरासत में ले लिया. पहले पुलिस हत्या और आत्महत्या को लेकर असमंजस में थी, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने गुत्थी को सुलझाते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है. विट्ठलवाड़ी पुलिस ने भादंसं की धारा 302, 34 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर भेज दिया है।

# मनपा में लेटलतीफ क्लर्क निलंबित

- कार्यालय में देरी से आने व काम में लापरवाही का आरोप





**उल्हासनगर.** कार्यालय में देरी से आने के आरोप में आयुक्त अजीज शेख ने वरिष्ठ लिपिक पूर्वा इंगले को निलंबित कर दिया. इस कार्रवाई से लेटलतीफ और कामचोर कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया है.

मनपा आयुक्त अजीज शेख ने सोमवार को उल्हासनगर मनपा सामान्य प्रशासन विभाग की वरिष्ठ क्लर्क पूर्वा इंगले को जरूरी काम में टालमटोल करने, कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया। साथ ही मनपा आयुक्त ने कहा कि समय-समय पर निर्देश देने और समझाने के बावजूद उन्होंने अपने आचरण में सुधार नहीं किया. चूंकि वरिष्ठ क्लर्क इंगले ने महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम की धारा 72 (सी) (1) और (2) का उल्लंघन किया था, इसलिए धारा 72 (सी) 3 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। निलंबित आदेश में कहा गया है कि इंगले को सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा और वह बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकते. इस कार्रवाई से लेटलतीफ व कामचोर कर्मचारियों को झटका लगा है। उक्त आदेश कमिश्नर अजीज शेख और एडिशनल कमिश्नर जमीर लेंगरेकर ने जारी किया है. उधर, जांच के दौरान एक महिला कर्मचारी को संपत्ति कर विभाग में क्लास-1 प्रभारी का प्रभार दे दिया गया है. क्या यह महिला कर्मचारी दो-तीन महत्वपूर्ण पदों के साथ न्याय करेगी? ऐसा सवाल पूछा जा रहा है.

# घर की कड़ी तोड़कर नकद व गहने चोरी



**उल्हासनगर.** शहाड फाटक के पास गुलशन नगर में एक घर का कड़ी-कुंडा तोड़कर अज्ञात चोर घर से 10 हजार नकद समेत 59 हजार 500 रुपए के गहने चोरी कर ले गए. उल्हासनगर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद यूसुफ सादिक अंसारी (55) अमर डाय कंपनी रोड, गफूर भाई के घर के पास, गुलशन नगर, शहाड फाटक में रहते हैं. 29 व 30 जून की दरमियानी रात में अज्ञात चोर उनके बंद घर की कड़ी तोड़कर घर में घुसे और घर में से 10 हजार रुपए नकद, 30 हजार का 10 ग्राम सोने का मंगलसूत्र, 15 हजार का 5 ग्राम वजनी कान के झुमके, 4500 रुपए की नाक की फूली चोरी कर ले गए. कुल 59 हजार 500 रुपए का माल चोर ले गए. उल्हासनगर पुलिस ने भादंसं की धारा 454, 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक विजय प-हाड मामले की जांच कर रहे हैं.

# शहर में गड्ढों को भरने का कार्य शुरू

- बारिश के दौरान गड्ढों की संख्या बढ़ी- आयुक्त
- क्या बारिश में गड्ढे भरना ठीक?
- क्या शहर खड्ढा मुक्त हो पाएगा?
- नए सीसी रोड में भी पड़े गड्ढे



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में सड़कों की हालत खस्ता है और इन खस्ता सड़कों को दुरुस्त करने का काम प्रशासन ने शुरू किया है। जबकि इन्हें बारिश से पूर्व ही करना चाहिए थे। हाल ही में बनाए गए सीसी रास्तों पर भी गड्ढे पड़ गए हैं। क्या ऐसे में शहर गड्ढों से मुक्त कभी हो पाएगा? उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त अजीज शेख ने कहा कि उल्हासनगर में बारिश के दौरान गड्ढों की संख्या बढ़ गई है, जिसे देखने के बाद महानगरपालिका ने निजी ठेकेदारों के माध्यम से इन गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है।

# कैम्प-4 में कार-रिक्शा पर गिरा पेड़



- मनपा की लापरवाही पड़ेगी भारी
- कारों का हुआ भारी नुक़सान
- कोई जनहानि नहीं

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र के अंबिका मित्र मंडल इलाके में एक पेड़ गिर गया. पेड़ सड़क किनारे खड़े कुछ रिक्शों और एक कार पर गिर गया, जिससे इन वाहनों को भारी नुकसान हुआ। इसकी जानकारी मिलते ही उल्हासनगर महानगरपालिका की फायर ब्रिगेड वहां पहुंची और पेड़ की शाखाओं को काटकर हटाने का काम शुरू किया.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उल्हासनगर मनपा द्वारा मानसून से पहले पेड़ों की शाखाएं नहीं काटने के कारण ऐसा हुआ. स्थानीय नागरिकों ने कई बार की थी शिकायत लेकिन मनपा ने इसे अनदेखा किया। मनपा की इसी लापरवाही से किसी की जान जा सकती है।

# विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता पंजीकरण अभियान शुरू

**कल्याण.** हाल के लोकसभा चुनावों में, हजारों नागरिक वोट देने के अधिकार से वंचित रह गये क्योंकि उनका नाम सूची में नहीं था। इस पृष्ठभूमि में, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार, चुनाव आयोग ने उन मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनका नाम सूची में नहीं है। जिसके चलते कल्याण पश्चिम में हजारों मतदाताओं के नाम दर्ज करने का रास्ता फिर से साफ हो जाने की जानकारी शिवसेना शहर प्रमुख रवि पाटिल ने दी है.

हाल के लोकसभा चुनाव में कल्याण, डोंबिवली ही नहीं बल्कि पूरे ठाणे जिले में कई मतदाताओं के नाम सूची से गायब हो गये. इस संख्या को विधानसभा के हिसाब से देखें तो अकेले कल्याण पश्चिम के करीब 70 से 80 हजार नागरिक वोट देने से चूक गए. ठाणे जिले की लगभग हर विधानसभा में यह देखा गया कि मतदाताओं के नाम सूची से गायब कर दिए गए।

इस पृष्ठभूमि में, शिवसेना कल्याण शहर प्रमुख रवि पाटिल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अनुरोध किया था कि वे राज्य विधानसभा चुनावों में इसकी पुनरावृत्ति से बचने के लिए सूची में बाहर किए गए मतदाताओं के नाम शामिल करने के लिए एक विशेष अभियान चलाएं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य चुनाव आयोग के साथ इस पर चर्चा की और हाल ही में आयोजित शिवसेना वर्षगांठ कार्यक्रम में इस विशेष पंजीकरण अभियान के बारे में जानकारी दी।

### 25 जुलाई तक चलेगा पंजीकरण अभियान

यह पंजीकरण अभियान 25 जुलाई तक चलेगा. साथ ही रवि पाटिल ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस पंजीकरण के लिए उनके घर आने वाले चुनाव अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग दें और उनका नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल करें.

# अंबरनाथ भाजपा के कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

- एड. कृष्णा पाटिल ने पक्ष प्रवेश कार्यक्रम का किया आयोजन

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के कई भाजपा कार्यकर्ता एवं भाजपा अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष अजिंक्य लोंढे ने भाजपा को राम-राम बोलकर कांग्रेस में प्रवेशकिया है. रविवार 30 जून को अंबरनाथ ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष एड. कृष्णा रसाल पाटिल व कांग्रेस के अन्य नेताओं की उपस्थिति में शहर पश्चिम स्थित कृष्णा मैरिज हॉल में अजिंक्य एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पक्ष में प्रवेश किया है. भाजपा पक्ष अल्पसंख्यकों के साथ सौतेला बर्ताव करती है. भाजपा के इस रवैय्ये को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस में प्रवेश किया है. ऐसा लोंढे ने अपने भाषण में कहा. कांग्रेस पक्ष सर्वधर्म समभाव को लेकर चलता है. ऐसा लोंढे ने कहा है. इस पक्ष प्रवेश कार्यक्रम में उल्हासनगर महिला जिला अध्यक्षा मनिषा महाकाले, अंबरनाथ कांग्रेस के महासचिव रोहित कुमार प्रजापति, महिला जिला महासचिव सुजाता मोरे, रेखा मेहेत्रे, नंदू देवले, प्रकाश पंडित आदि उपस्थित थे. अजिंक्य लोंढे को कांग्रेस का सचिव नियुक्त किया गया है. चेतन लोंढे को सह कोषाध्यक्ष नियुक्ति पत्र एवं भाजपा से कांग्रेस में प्रवेश करने वालों को नियुक्ति पत्र देकर उनका स्वागत कृष्णा पाटिल ने किया.

# रिपाई विधायकों को चुनाव जिताने की तैयारी करें

**मुंबई.** यदि नागालैंड विधानसभा में आरपीआई विधायक चुने जा सकते हैं, तो इस साल महाराष्ट्र विधानसभा में आरपीआई विधायक चुने जाने चाहिए। आठवले ने मुंबई के यशवंतराव चव्हाण केंद्र में पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की एक अहम बैठक में कार्यकर्ताओं से यह अपील की. रामदास आठवले ने आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के कम से कम 6 विधायकों को रिपब्लिकन पार्टी के सिंबल पर चुनने का निर्देश भी दिया. इस मौके पर एक विधान परिषद सदस्यता, विधान सभा चुनाव में कम से कम 10 सीटें और राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में एक मंत्री पद की मांग की गयी. बैठक में रिपाई के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश महातेकर, प्रदेश महासचिव गौतम भाऊ सोनावणे, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बाबूराव कदम, एड. आशाताई लंके उपस्थित थी।

# चर्चा में 'बुलडोजर बाबा' का पोस्टर

**उल्हासनगर.** राज्य में नाइट लाइफ के कारण होने वाली दुर्घटनाओं, बढ़ते अपराध और युवाओं के नशीली दवाओं के सेवन पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक्शन मोड में आ गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा प्रशासन को राज्य भर के साथ-साथ मुंबई और उपनगरों में डांस बार और पब के खिलाफ बुलडोजर चलाने का आदेश देने के बाद, प्रशासन ने मौके पर जाकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ऐसे में उल्हासनगर के 17 सेक्शन चौक पर मुख्यमंत्री को 'बुलडोजर बाबा' बताने वाला विशाल बोर्ड लोगों का ध्यान खींच रहा है. यह बैनर इस वक्त शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है. यह पोस्टर उल्हासनगर शिवसेना शहर प्रमुख भुल्लर महाराज द्वारा लगाया गया है।





### लोगों का ध्यान कर रहा आकर्षित

इससे पहले उत्तर प्रदेश में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'बुलडोजर बाबा' के नाम से जाना जाता था। उसी तर्ज पर, चूंकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी अनधिकृत निर्माणों और कानून-व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ बुलडोजर अभियान चला रहे हैं, उल्हासनगर से शिवसेना के पूर्व नगरसेवक राजेंद्र सिंह भुल्लर ने कल्याण-बदलापुर राज्य राजमार्ग पर 17 सेक्शन पर मुख्यमंत्री को 'बुलडोजर बाबा' के रूप में उल्लेखित किया गया है, इसलिए यह बैनर कई लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

पिछले महीने पुणे में पॉर्श कार दुर्घटना और कुछ पबों में युवाओं के ड्रग्स लेने के वीडियो वायरल होने के बाद राज्य में बढ़ते ड्रग रैकेट और बार पब संचालकों पर सरकार की कृपा के आरोप लग रहे थे। इसलिए, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के प्रशासन को अवैध डांस बार, बार और पब और उनसे ड्रग रैकेट चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। पिछले एक सप्ताह से राज्य में मुंबई, ठाणे और उपनगरीय महानगर पालिकाओं में अवैध बार और पब पर बुलडोजर चलाकर हमला करने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्हासनगर मनपा की सीमा में 10 अवैध बारों की सूची निकालकर उनमें से दो पर मनपा द्वारा हथौड़ा चलाकर कार्रवाई की गई. इसलिए मुख्यमंत्री के इस आक्रामक फैसले से बार और पब मालिक घबरा गए हैं, वहीं मुख्यमंत्री के इस आदेश का नागरिकों द्वारा भी स्वागत किया जा रहा है.

# तहसीलदार से विविध प्रमाणपत्र का कैम्प लगाने की मांग

**अंबरनाथ.** शैक्षणिक वर्ष एवं विविध प्रकार के शासकीय योजना के लिए आवश्यक सरकारी प्रमाण पत्र अंबरनाथ के विद्यार्थी, नागरिक, दिव्यांगों एवं विधवा महिलाओं को शासकीय व शैक्षणिक कार्यों के लिए प्रमाणपत्र जल्द मिलने के लिए अंबरनाथ शिवसेना के पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंखे ने अंबरनाथ तहसीलदार को निवेदन देकर कैम्प का आयोजन करने की मांग की है. आचार संहिता एवं चुनावी कामों के कारण तहसील कार्यालय की यंत्रणा व्यस्त होने के कारण उपरोक्त सभी नागरिकों को शासकीय व शैक्षणिक कार्यों के लिए अंबरनाथ तहसील कार्यालय में कई बार चक्कर लगाने के बाद भी प्रमाण पत्र नहीं मिले हैं. स्कूल में प्रवेश के लिए एवं विविध शासकीय कामों के जैसे डोमिसाइल, आय प्रमाणपत्र, नॉन क्रिमीलेयर प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि अनेक योजनाओं का लाभ लेने के लिए ये प्रमाणपत्र अनिवार्य हैं. नागरिकों, विद्यार्थियों की भागदौड़, समय की बर्बादी व आर्थिक नुकसान बचाने के लिए जल्द से जल्द तहसील कार्यालय की तरफ से प्रमाणपत्र शिविर लगाने की मांग सुभाष सालुंखे ने एक निवेदन देकर तहसीलदार से की है. जुलाई के पहले हफ्ते में ये कैम्प लगाया जाए ऐसा सालुंखे ने मांग की है. लाडली बहन योजना के लिए भी महिलाओं को जल्द प्रमाणपत्र चाहिए, इसलिए तहसीलदार को प्रमाणपत्र कैम्प आयोजित करने की मांग की गई है.



जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास

संपादकीय

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की शुरुआत

अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं और मैदान में मुख्य रूप से दो उम्मीदवार हैं- मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। इसके लिए चुनाव अभियान की शुरुआत हो चुकी है और अलग-अलग चरणों में प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ रही है। गुरुवार को अमेरिका में बाइडन और ट्रंप के बीच इस चुनाव की पहली बहस हुई, जिसमें सवाल-जवाब के दौरान दोनों उम्मीदवारों की कोशिश एक दूसरे पर हावी होने की रही, मगर इसमें बाइडेन की प्रस्तुति जैसी रही, उसके मुताबिक माना जा रहा है कि उनके लिए आगे की लड़ाई थोड़ी मुश्किल साबित होने वाली है। हालांकि सितंबर में अगली बहस होगी, मगर यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि उस समय हालात में कोई बड़ा बदलाव आ जाएगा।

दरअसल, बहस में उठे कई मुद्दों पर राय जाहिर करने के क्रम में बाइडेन के भीतर जिस तरह की अस्पष्टता और कमियां देखी गईं, उसके मद्देनजर अब उनके भविष्य को लेकर चिंता जताई जाने लगी है। खुद बाइडेन का खेमा अब शायद इन चुनावों में उनकी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। मसलन, कई सवालों के जवाब में ट्रंप ने जहां सबका ध्यान खुद पर केंद्रित रखा, मुद्दों पर स्पष्ट रहे, वहीं बाइडेन एक तरह से बहस में चूक गए। कई बातों का जवाब देते हुए बाइडेन अटक रहे थे और काफी अस्पष्ट तरीके से बोल रहे थे। काफी समय तक उनकी जबान फिसलती रही। कई सवालों का उन्होंने जो जवाब दिया, उसका कोई अर्थ समझ में नहीं आया। उनके लिए अभियान चलाने वाले समूह को यह सफाई देनी पड़ी कि वे सर्दी से जूझ रहे हैं।

दूसरी ओर, कई तरह के आरोपों से घिरे होने के बावजूद ट्रंप ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की। यह बेवजह नहीं है कि राष्ट्रपति पद के लिए हुई पहली बहस के बाद बाइडेन के खेमे में एक तरह की आशंका पैदा हो गई है और अब उनके विकल्पों पर भी बात होने लगी है। संभव है कि इक्यासी वर्ष की उम्र में बाइडेन स्वास्थ्य संबंधी या अन्य किसी बाधा से गुजर रहे हों। मगर अमेरिका का नेतृत्व करने के लिए जिन कसौटियों पर खरा उतरना जरूरी है, उन पर अगर बाइडेन कमजोर दिखने लगे हैं तो क्या यह बेहतर नहीं होगा कि वे खुद ही देश के शीर्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाएं!

# चांदी के दाम ऑल टाइम हाई, फिर भी बढ़ रही है मांग

बीते कुछ महीनों में गर्मी की तरह ही चांदी ने भी सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह 92,873 हजार रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई और भारत में ऑलटाइम हाई का रिकॉर्ड बना दिया। माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में बुलियन बाजार में चांदी की इसी तरह से चांदी चलती रहेगी। वैसे बीते चार दशकों के दौरान इसके दाम 26 गुना से भी ज्यादा बढ़ चुके हैं।

गौरतलब है कि उद्योगों- खासकर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियों, सोलर पावर के सोलर पैनल्स और 5-जी टेक्नोलॉजी में चांदी की खपत ज्यादा हो रही है। इससे चांदी की सालाना मांग में सात से आठ फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। इस तरह मांग बढ़ने से इसकी कीमतें भी बढ़ रही हैं। मांग की तुलना में चांदी की खनन गतिविधियां लगभग स्थिर हैं, बल्कि इसमें आंशिक गिरावट भी आई है। 2015 में जहां चांदी का वैश्विक खनन 89.7 करोड़ आउंस (एक आउंस यानी 28.34 ग्राम के बराबर) हुआ था। वहीं, 2023 में यह गिरकर 82.4 करोड़ आउंस रह गया। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अब कई लोग, खासकर माध्यम वर्ग आभूषणों के लिए चांदी की तरफ देख रहे हैं। वस्तुतः पिछले दो दशक में उद्योगों और प्रौद्योगिकी में चांदी की उपयोगिता बढ़ी है।

'इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी' की हालिया रिपोर्ट कहती है कि पिछले एक साल में सोलर पावर में इस्तेमाल होने वाले फोटोवोल्टेइक पैनल्स में निवेश एक साल पहले की तुलना में दोगुना होकर 80 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। फोटोवोल्टेइक पैनल्स में चांदी का काफी इस्तेमाल होता है। साल 2024 में ही चांदी की वैश्विक मांग में 1.2 अरब आउंस की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। लिहाजा, चांदी की कीमतों के भी लगातार ऊंचे होते चले जाने की संभावना है। दरअसल, चांदी दुनिया की सबसे बढ़िया सुचालक धातु है। इसलिए सोलर पैनल्स पर चांदी का पेस्ट किया जाता है। जब सूरज का प्रकाश उसके पैनल्स पर गिरता (स्ट्राइक) है, तब सिलिकॉन के इलेक्ट्रॉन मुक्त होते हैं और चांदी विद्युत को तुरंत गतिशील कर देती है।




आज भी सिनेमा को सिल्वर स्क्रीन कहकर संबोधित किया जाता है। दरअसल सिनेमा की शुरुआत में फिल्में प्रोजेक्टर के जरिये दिखाई जाती थीं। इसके लिए जिस परदे पर तस्वीर प्रोजेक्ट की जानी होती थी, उसका चमकदार होना जरूरी था, ताकि परावर्तन (रिफ्लेक्शन) बढ़ने से तस्वीरों की गुणवत्ता बढ़ सके। परदे को ज्यादा चमकदार बनाने के लिए तब स्क्रीन को 'मैटेलिक सिल्वर' से 'कोट' किया जाता था। उसी से यह शब्द उत्पन्न हुआ और आज भी अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है।

दरअसल, चांदी सबसे ज्यादा सूर्य की किरणों को परावर्तित करने वाली धातु है। भारत में चांदी का 50.7 प्रतिशत इस्तेमाल उद्योगों में, 17.8 प्रतिशत आभूषणों में, 24.5 प्रतिशत कॉइन्स-बार्स निवेश में, 2.8 प्रतिशत फोटोग्राफी में और 4.2 प्रतिशत चांदी के बर्तनों में उपयोग किया जाता है।

चार मई, 1989 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने शुक्र ग्रह की सतह की 'मैपिंग' के लिए 'मैगलेन' स्पेस क्राफ्ट लॉन्च किया था। चूंकि चांदी में प्रकाश की किरणों को परावर्तित करने की क्षमता सबसे ज्यादा होती है। इसके मद्देनजर इसे घातक सौर विकिरण से बचाने के लिए इस पर 'सिल्वर कोटेड क्वाटर्स टाइल्स' लगाई गई थीं। इसके बाद से सभी स्पेस क्राफ्ट के ऊपर सिल्वर की कोटिंग की जाने लगी है। इससे स्पेस क्राफ्ट के तापमान को कम करने में मदद मिलती है। दुनिया में छोटी-बड़ी मिलाकर कुल 757 सक्रिय चांदी की खदानें हैं। इनमें से भारत में केवल छह हैं।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, चांदी के उत्पादन में सबसे ऊपर मेक्सिको है, जो कि 6,400 टन चांदी का उत्पादन करता है, जो कुल वैश्विक चांदी उत्पादन का 21 फीसदी है। इसके बाद क्रमशः चीन, पेरू, चिली और फिर पोलैंड का स्थान आता है। चीन चांदी का सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। यह कुल उत्पादित चांदी का 18 प्रतिशत हिस्सा इस्तेमाल करता है। तो वहीं 'इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस' की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सबसे ज्यादा 43 टन चांदी का उत्पादन राजस्थान करता है।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

यह आवश्यक है कि हम स्वयं अध्यात्म का व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त करें। ऐसा तब हो सकता है जब हम ध्यानाभ्यास में बैठें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# खतरनाक इमारतें और आम लोगों का जीवन

भवन, पुल, सड़कों आदि के निर्माण में तकनीकी उपयोग से तेजी तो आई है, ढांचे मनोहारी बनने लगे हैं, मगर उनकी मजबूती और टिकाऊपन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। अब शायद ही कोई वर्ष बीतता हो, जब बरसात में पुलों, सड़कों, नवनिर्मित भवनों के धंसने, ढहने की खबरें न आती हों। ताजी घटना दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-एक की है, जहां गाड़ियों के ठहराव वाली जगह की छत ढह गई, जिसमें कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचा, एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बारिश की वजह से छत बैठ गई। यह तो इस मौसम की पहली बारिश थी, अभी पूरा मौसम बाकी है, इसलिए हवाई अड्डे की दूसरी छतों को लेकर भी लोगों में आशंका पैदा होना स्वाभाविक है। दरअसल, हवाई अड्डे की छत लोहे के खंभे खड़े कर सिंथेटिक और लोहे की पतली चादरों से बनाई गई है। इस तरह जगह तो काफी खुली हो गई है और सुंदर भी दिखती है, मगर इसके टिकाऊपन को लेकर कोई दावा करना मुश्किल है। यह कोई पहली इमारत नहीं है, जिसमें इस निर्माण कला का उपयोग किया गया है। अब बहुत सारी सार्वजनिक जगहों पर जल्दी काम पूरा करने के मकसद से यही तकनीक इस्तेमाल होने लगी है।

दरअसल, भवन निर्माण में कांच, लोहे, सिंथेटिक चादरों वगैरह का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ा है। इस तरह इमारतें जल्दी तैयार हो जाती हैं, मगर न तो यह भारतीय प्रकृति के अनुकूल है और न इन्हें लंबे समय तक टिकाऊ माना जा सकता है।

लोहे के खंभों को नट-बोल्ट से



जोड़ कर बनाए गए ढांचे की समय-समय पर मरम्मत जरूरी होती है, जिसका प्रायः अभाव देखा जाता है। बहुत सारी इमारतें, सड़कें और पुल सरकार के दबाव में जल्दी तैयार कर दिए जाते हैं, इस वजह से भी इमारतें जोखिम भरी साबित होती हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर हुई घटना के कुछ घंटे पहले मध्यप्रदेश के जबलपुर में भी हवाई टर्मिनल की नई इमारत की छत का एक हिस्सा बारिश की वजह से एक गाड़ी पर गिर गया। बारिश शुरू होते ही बिहार में कई पुल ढह गए। पिछले कई वर्षों से मध्यप्रदेश, बिहार आदि में पुलों के बाढ़ में बह जाने, सड़कों के धंस या बह जाने की खबरें आती रही हैं।

ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जब इमारतें जल्दी तैयार करने की हड़बड़ी में उनकी जल निकासी, छतों की मजबूती आदि पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया और बरसात शुरू होते ही उनकी पोल खुल गई। यह समझना मुश्किल है कि तकनीकी इस्तेमाल से जहां निर्माण कार्यों में मजबूती आनी चाहिए, वे इतने भुरभुरे क्यों साबित हो रहे हैं कि बारिश का हल्का दबाव भी झेल नहीं पा रहे। इसकी एक वजह तो साफ है कि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के कारण निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से समझौता किया जाता है।


मगर यह सब ऐसी व्यवस्था में बढ़ रहा है, जो भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त न करने के दावे करती है। आमतौर पर हवाई अड्डा और वहां के समूचे परिसर को सबसे सुरक्षित जगहों में शुमार किया जाता है, जहां हुए निर्माण से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक के मोर्चे को पूरी तरह चाक-चौबंद माना जाता है। मगर बारिश ने इस बात की कलई खोल कर रख दी है। इस तरह इमारतों, पुलों, सड़कों के बारिश में ढह या बह जाने से न केवल बड़े पैमाने पर सार्वजनिक धन भी बह जाता है, आम लोगों की परेशानियां और बढ़ जाती हैं, इससे जान-माल का नुकसान होता है, सो अलग।

# दुनिया की वो जगह, जहां कभी नहीं डूबता सूरज

जरा हट के

आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर एक बार सूर्योदय तो हो गया, लेकिन सूर्यास्त महीनों तक नहीं होता. दिन तो दिन, आधी रात को भी यहां पर तेज धूप निकली रहती है. यानी रात के बारह बजे भी आप दोपहर का मजा ले सकते हैं. क्या आप ऐसी किसी जगह के बारे में जानते हैं? अगर नहीं जानते तो हम बता दें कि ऐसी एक जगह नॉर्वे में है, जिसका नाम लोफोटेन है. हालांकि, ये इकलौती ऐसी जगह नहीं है, इसके अलावा भी धरती कई जगहें हैं, जहां पर आपको हमेशा धूप मिलेगी.

सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर लोफोटेन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो को मिशेल वोन काल्बेन (@michellevon kalben) ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लोफोटेन में आधी रात का सूरज निकल आया है. कल सूरज आखिरी बार अस्त हुआ और दोबारा उग आया. अब यह ध्रुवीय दिवस के दौरान कई हफ्तों तक क्षितिज से ऊपर रहेगा. इसके विपरीत सर्दियों में ध्रुवीय रात होती है, जब सूरज कई हफ्तों तक क्षितिज से नीचे रहता है, जिससे उत्तरी रोशनी जैसी अन्य घटनाओं के साथ बहुत सारा जादुई अंधेरा पैदा होता है. देखा जा सकता है कि दिन में तो सूरज हमेशा उगा ही रहता है, लेकिन शाम के 6 बजे से लेकर सुबह के 6 बजे तक भी उसकी रोशनी में पूरा लोफोटेन जगमगाता रहता है. चंद मिनट के लिए भी अंधेरा नहीं होता. ऐसा कई महीनों तक चलता रहेगा. सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी देखा जा रहा है. अब तक इस वीडियो को लगभग 2 करोड़ के आसपास देखा जा चुका है, वहीं 9 लाख 78 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे लाइक किया है. लाखों लोगों ने इस वीडियो को शेयर भी किया है, जबकि 18 सौ से ज्यादा कमेंट्स आए हैं. कोई इसे ईश्वर का करिश्मा बतला रहा है, तो कोई उस अंधेरी जगह के बारे में जानना चाह रहा है, जहां सूरज उगता ही नहीं.



# लौकी अखरोट हलवा

खाना-खजाना

**सामग्री :**

- 3 लौकी
- 1 कप अखरोट, बारीक कटे हुए
- 1 कप दूध
- स्वादानुसार चीनी
- 3 बड़े चम्मच घी
- 1 चम्मच इलायची पाउडर
- 3-4 केसर के धागे
- बारीक टुकड़ों में कटा

**विधि :**

लौकी को छीलकर ग्रेटर की मदद से इसे बारीक कद्दूकस कर लीजिए. कद्दूकस की हुई सब्जी को मलमल के कपड़े में डालकर एक्स्ट्रा पानी निचोड़ दीजिए. एक पैन लें और उसमें कटे हुए मेवे डालें. इन्हें मध्यम आंच पर तब तक भूनिए जब तक इनमें से खुशबू न आने लगे और हल्के भूरे रंग के न हो जाएं. अब आंच से उतारकर एक तरफ रख दें. उसी पैन में 2 बड़े चम्मच घी लें और उसमें कद्दूकस की हुई लौकी डालें. इसे



मध्यम आंच पर तब तक भूनिए जब तक यह नरम न हो जाए और पानी पूरी तरह से सूख न जाए. ध्यान रखें कि इसे बीच-बीच में कम से कम 15 मिनट तक हिलाते रहें. एक बार जब लौकी पक जाए तो इसमें दूध डालें और सभी इंग्रीडिएंट्स को मिला लें. इसे धीमी आंच पर तब तक पकने दें जब तक कि दूध कम होकर गाढ़ा न हो जाए और मिश्रण हलवे जैसा न बन जाए. बीच-बीच में हिलाते रहें ताकि मिश्रण पैन के बेस पर चिपके नहीं. जब दूध काफी कम हो जाए तो इसमें अपने स्वाद के अनुसार चीनी मिलाएं. अच्छी तरह मिक्स कर लें ताकि यह हलवे जैसे मिश्रण में पूरी तरह घुल जाए. इसमें भुने हुए अखरोट डालें और मिक्स होने के लिए हिलाएं. तब तक पकाएं जब तक कि मिश्रण और गाढ़ा न हो जाए और पैन के किनारों को छोड़ने न लगे. अब हलवे में इलायची पाउडर डालकर मिलाएं ताकि यह सुगंधित और स्वादिष्ट हो जाए. एक बार जब लौकी अखरोट का हलवा आपके मनमुताबिक कंसिस्टेंसी तक पहुंच जाए, तो इसे केसर के धागों और कटे हुए मेवे जैसे पिस्ता, बादाम, काजू आदि से गार्निश करें और प्लेट में सर्व करें.

# AC चलाने के बाद भी कम आएगा बिजली का बिल


**एसी के साथ एक बहुत बड़ी दिक्कत आती है और वो है महंगे बिजली बिल की। बस इसलिए कुछ लोग ठीक से एसी नहीं चला पाते और गर्मी झेलने पर मजबूर हो जाते हैं। आज हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले हैं जिनकी मदद से आप सारा दिन एसी चला सकेंगे और आपका बिजली का बिल भी ज्यादा नहीं आएगा।**

## सही टेंपरेचर करेंगे सेट तो नहीं होगी जेब ढीली

एसी में सारा खेल टेंपरेचर सेटिंग का है। अगर आप चाहते हैं कि इसके ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल के बाद भी बिजली का बिल कम आए तो एसी की टेंपरेचर सेटिंग में थोड़ा बदलाव करें। दरअसल हर एक डिग्री तापमान बढ़ने पर लगभग 6 प्रतिशत बिजली की बचत होती है। ऐसे में आप चाहें तो एसी को डिफॉल्ट टेंपरेचर पर रख सकते हैं इससे लगभग 24 परसेंट तक बिजली की बचत होगी। इसके अलावा आप अपनी सहूलियत के हिसाब से भी टेंपरेचर को एडजस्ट कर सकते हैं। वैसे 24 डिग्री अच्छा माना जाता है। इससे कम तापमान करने से परहेज करें।

## साथ में पंखे का इस्तेमाल है फायदेमंद

अगर आप एसी के साथ–साथ



अपने सीलिंग फैन को ऑन रखते हैं तो इससे भी काफी बचत कर सकते हैं। फैन एसी की ठंडी हवा को तेजी से पूरे घर में फैला देता है और जल्द ही कमरे का टेंपरेचर कम हो जाता है। अगर आप सिर्फ एसी चलाकर रखते हैं तो उसे काफी देर तक चलाने के बाद ही पूरे घर को राहत मिलती है। आप चाहें तो एसी चलाने से पहले ही कुछ देर के लिए अपने फैन को ऑन कर लें। इससे पहले ही कमरे की सारी गर्म हवा बाहर निकल जाएगी और एसी जल्दी रूम को ठंडा कर देगा।

## रेगुलर सफाई और सर्विसिंग से बनेगी बात

एसी की नियमित साफ सफाई और सर्विसिंग भी बेहद जरूरी है। कई बार हम देखते हैं कि काफी देर चलने के बाद भी एसी कमरे को ठंडा नहीं कर पाता है। ऐसे में बिजली तो बराबर खर्च होती है लेकिन उसका फायदा कुछ नहीं होता। ऐसा अमूमन एसी के फिल्टर में गंदगी जम जाने की वजह से होता है। इसकी रेगुलर साफ–सफाई से एसी दुरुस्त रहता है और जल्दी घर को ठंडा करता है। इसके साथ ही बीच–बीच में इसकी सर्विसिंग कराना ना भूलें।

## रात में टाइमर सेट करना ना भूलें

रात में एसी चलाकर छोड़ने की आदत की वजह से काफी ज्यादा बिजली की खपत होती है। कई बार आपने देखा होगा कि रात में एसी चलाने की वजह से काफी ज्यादा ठंडक हो जाती है। ऐसे में कई बार हम आलस के चलते इसे तुरंत बंद करने नहीं उठते और चादर ओढ़कर वैसे ही पड़े रहते हैं। इन सब से बचने के लिए रात को एसी में टाइमर सेट करने सोएं। ऐसा करने से एक टाइम के बाद आपका एसी खुद ही बंद हो जाएगा। इससे काफी ज्यादा बिजली की बचत होगी।

# गोलगप्पे में मिले कैंसर पैदा करने वाले केमिकल



गोलगप्पे एक ऐसा स्ट्रीट फूड है जिसका नाम सुनते ही हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है। अधिकतर लोग शाम के स्नैक्स में इसे खाना पसंद करते हैं। वहीं कुछ लोग तो शाम की भूख मिटाने के लिए भी गोल गप्पे खाते हैं। भारत की अलग-अलग जगहों पर इसे अलग नाम से जाना जाता है। कुछ लोग पानी पूरी कहते हैं तो कुछ पुचका कहते हैं। इसके अलावा भी इस स्ट्रीट फूड के कई नाम है। लेकिन क्या आपको पता है कि कर्नाटक में 22 प्रतिशत पानी पुरी के सेम्पल भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के क्वालिटी मानकों को पूरा करने में पीछे हैं? जानिए क्या कहती है रिपोर्ट

## क्या है रिपोर्ट का कहना

एक रिपोर्ट के अनुसार, पूरे कर्नाटक में बेची जाने वाली लगभग 22 प्रतिशत पानी पुरी एफएसएसएआई के सुरक्षा मानकों को पूरा करने में असफल रही है। अधिकारियों ने राज्य भर से पानी पुरी के 260 सैंपल को इकट्ठा किया था। इनमें से 41 को असुरक्षित माना गया क्योंकि उनमें आर्टिफिशियल रंगों के साथ ही कैंसर पैदा करने वाले तत्व थे। इसके अलावा 18 को खराब क्वालिटी वाला और खाने के लिए असुरक्षित बताया गया। वहीं कई नमूने बासी पाए गए और वह मानव उपभोग के लिए सही नहीं थे। पानी पुरी के सैम्पल में ब्रिलियंट ब्लू, सनसेट येलो और टार्ट्राजिन जैसे केमिकल्स मिले जो कई हेल्थ प्रॉब्लम का कारण बन सकते हैं।

कर्नाटक सरकार ने फूड कलरिंग एजेंट रोडामाइन-बी पर रोक लगाई थी, जिसका इस्तेमाल गोभी मंचूरियन और कॉटन कैंडी जैसी डिशेज में किया जाता था।

## आज का राशिफल

**मेष** : नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**वृषभ** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**मिथुन** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

**कर्क** : क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है।

**सिंह** : नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें

**कन्या** : मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

**तुला** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

**वृश्चिक** : वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

**धनु** : कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**मकर** : मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे।

**कुंभ** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**मीन** : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# प्लास्टिक के लंच से नहीं जाती अचार और सब्जी की महक?

## अपनाएं ये आसान तरीका

स्कूल या दफ्तर का खाना पैक करने के लिए अक्सर ही हम प्लास्टिक के लंच बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं। शुरुआत में तो ये एकदम साफ सुथरे रहते हैं लेकिन कुछ ही दिनों के इस्तेमाल के बाद इनमें से सब्जी या अचार की महक आने लगती है। अगर आपका लंच सफेद या किसी हल्के रंग का है तो पीलापन भी साफ–साफ दिखाई देने लगता है। कुछ दिनों में तो हालत ऐसी हो जाती है कि लंच बॉक्स खोलते ही बदबू आने लगती है। ऐसा अक्सर किचन में रखे प्लास्टिक के डब्बों के साथ भी होता है। आज हम आपको कुछ आसान से तरीके बताने वाले हैं जिनकी मदद से आपका प्लास्टिक का डब्बा एकदम साफ–सुथरा और खुशबूदार हो जाएगा।



## नींबू के इस्तेमाल से आएगी फ्रेश स्मेल

आपकी रसोई में रखा नींबू भले ही देखने में छोटा सा हो लेकिन इसके काम बहुत बड़े–बड़े हैं। कितनी भी जिद्दी चिकनाई, दाग या बदबू हो ये तुरंत उसका खात्मा कर देता है। आपके पीले और बदबूदार लंच बॉक्स को भी यह मिनटों में खुशबूदार और साफ–सुथरा बना देगा। इसके लिए आपको थोड़े से गर्म पानी में नींबू का रस निचोड़ लेना है। उसमें थोड़ा सा नमक भी मिला लें। अब इस पानी को हल्का गुनगुना होने पर अपने लंच बॉक्स में डाल दें। लगभग दस से पंद्रह मिनट के लिए वैसे ही छोड़ दें। अब अपने स्क्रबर की मदद से इसे रगड़ कर धो लें।

## काम का है बेकिंग सोडा

लजीज खाना बनाने के साथ ही आपके किचन का काम आसान करने में बेकिंग सोडा का कोई जोड़ नहीं है। इसकी मदद से आप मिनटों में अपने प्लास्टिक के डब्बे या लंच बॉक्स को फ्रेश बना सकती हैं। इसके लिए भी आपको एक घोल तैयार करना होगा। थोड़ा सा पानी लें और उसमें एक से दो चम्मच बेकिंग सोडा मिला लें। इसे थोड़ी देर के लिए अपने लंच में डालकर छोड़ दें। दस से पंद्रह मिनट बाद नॉर्मल बर्तनों की तरह ही स्क्रब की मदद से रगड़–रगड़ कर धो लें।

## मिनटों में दिखेगा सिरके का कमाल

आपकी किचन में रखा सिरका मिनटों में आपकी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बन सकता है। आपको इसके लिए सिर्फ एक विनेगर सॉल्यूशन तैयार करना होगा। सबसे पहले लगभग एक गिलास पानी लें। अब उसमें तीन से चार चम्मच सिरका मिला लें। इस सॉल्यूशन को अपने लंच बॉक्स में भर दें और लगभग पंद्रह से बीस मिनट के लिए छोड़ दें। अब नॉर्मल बर्तन क्लीनिंग जेल की मदद से अपने लंच को साफ कर लीजिए। आप देखेंगे कि कुछ ही देर में आपका लंच बॉक्स साफ–सुथरा और स्मेल फ्री हो गया है।

## कॉफी पाउडर से आएगी गजब की खुशबू

सुबह–सुबह जब कॉफी बनती है तो पूरा घर महक उठता है। इसका इस्तेमाल कर के आप अपने प्लास्टिक के लंच बॉक्स को भी साफ सुथरा और खुशबूदार बना सकते हैं। इसके लिए आपको बस थोड़ा सा कॉफी पाउडर और नींबू की जरूरत होगी। नींबू को बीच से काट लें अब उसपर कॉफी पाउडर लगा लें। इसे अपने लंच बॉक्स के अंदर थोड़ी देर के लिए रगड़ें। ध्यान रहे अंदर पूरी तरह से यह पेस्ट लग जाना चहिए। लंच को लगभग बीस मिनट के लिए वैसा ही रहने दें। इसके बाद साफ पानी से धो लें। कुछ ही देर में आपका लंच बॉक्स स्मेल फ्री हो जाएगा।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रेम प्रसंग के चलते दुकानदार ने गोली मारकर की आत्महत्या, प्रेमिका के परिजनों से हुआ था विवाद

**हमीरपुर.** हमीरपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक ब्रेकरी की दुकान चलाने वाले एक 25 साल के युवक ने सोमवार की सुबह दुकान के अंदर तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के पीछे लेनदेन के साथ ही प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। ये घटना भरुआ सुमेरपुर कस्बे के बांकी रोड का है। रामबाबू सोनी की अपने ही घर में ब्रेकरी की दुकान है। सोमवार की सुबह 10 बजे के आसपास रामबाबू का 25 साल का बेटा मोंटी सोनी दुकान में बैठा हुआ था। वहीं, पिता और अन्य परिजन घर में अंदर थे, तभी तमंचे से गोली चलने की आवाज से आसपास हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी दुकान की तरफ भागे तो मोंटी काउंटर के नीचे खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। थोड़ी ही देर में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसने कनपटी से सटाकर गोली मारी थी।

### दो बच्चों के साथ महिला ने खाया जहर, मां-बेटी की मौत, कर्ज या घरेलू विवाद? कारण पर सस्पेंस

**भदोही.** भदोही में कोइरौना थाना क्षेत्र के अरई गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल ले जाने पर मां-बेटी की मौत हो गई। मृत महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने उसकी सास और जेठानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि उनसे जमीन का विवाद चल रहा था। अरई गांव निवासी सुनील तिवारी की मानसिक और आर्थिक हालात ठीक नहीं है। पत्नी 45 वर्षीय सुमन तिवारी पर पूरे परिवार का बोझ था। उसने कई समूहों और लोगों से उधार ले रखा था। परिवार में मकान के बटवारे को लेकर भी विवाद चल रहा था। रविवार दोपहर भी परिवार में बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। इसके कुछ देर बाद सुमन ने 22 वर्षीय बेटी कोमल तिवारी और 18 वर्षीय बेटे गोलू के साथ विषाक्त पदार्थ खा लिया।

### TMU की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालत में मौत, गले पर मिले चोट के निशान

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के पैथोलॉजी डिपार्टमेंट की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच पुलिस ने जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों को सूचना दे दी गई है। हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाले डॉ. नवनीत मल्होत्रा की बेटी डॉक्टर अदिति मल्होत्रा टीएमयू में पैथोलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थीं। अदिति मल्होत्रा गेस्ट हाउस के रुम नंबर 103 में मृत अवस्था में पड़ी हुई थीं। उनका गला चाकू से कटा हुआ था। उधर, प्रोफेसर की मौत की जानकारी होते ही विश्वविद्याय प्रशासन में हड़कंप मच गया।

# मुख्यमंत्री शिंदे ने किए ज्ञानोबा माऊली पादुका के दर्शन





**पुणे.** ताल-मृदुंगा की थाप पर भक्ति में लीन वारकरी...' ज्ञानोबा माउली', 'माउली, माउली' सिर पर तुलसी वृन्दावन, हाथों में दिण्डी-ध्वजाएं लिए वारकरी... ऐसे भक्तिमय माहौल में आलंदी से आषाढ़ी वारी के लिए श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में पंढरपुर के लिए रवाना हुई. मुख्यमंत्री शिंदे ने माऊली के चरणों के दर्शन किये. केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, सांसद श्रीरंग बारणे, प्रमुख सचिव प्रवीण दराडे, संभागीय आयुक्त डॉ. चंद्रकांत पुलकुंदवार, कलेक्टर डॉ. सुहास दिवासे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष पाटिल, मुख्य जिला न्यायाधीश महेंद्र महाजन, नगर परिषद प्रमुख कैलास केंद्र, श्री संतश्रेष्ठ ज्ञानेश्वर महाराज संस्थान के मुख्य ट्रस्टी एड. राजेंद्र उमाप, ट्रस्टी और पालखी समारोह के प्रमुख योगी निरंजननाथ, ट्रस्टी डॉ. भावार्थ देखणे, गुरु हैबतबाबा के वंशज बालासाहेब पवार - आरफलकर, एच.बी.पी. राणा महाराज वास्कर, एच.बी.पी. भंडारे महाराज आदि उपस्थित थे।

वारकरी महाराष्ट्र की गौरवशाली आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा पंढरपुर वारी के वैश्विक नामांकन के लिए यूनेस्को को प्रस्ताव भेजने की घोषणा जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए वारकरी संत महंत पाइक संघटना के प्रमुख महाराज की ओर से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का अभिनंदन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वारकरी संप्रदाय के गणमान्य लोगों से बातचीत की।

# शिव की तस्वीर दिखाकर राहुल बोले- भाजपा हिंसा कराती है, ये हिंदू नहीं

## PM ने कहा- हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर, शाह बोले- माफी मांगें

**नई दिल्ली.** संसद सत्र के छठे दिन लोकसभा-राज्यसभा दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा को हिंसा करने वाली पार्टी बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने खड़े होकर इसका विरोध किया। अमित शाह ने माफी मांगने की मांग कर दी।



राहुल गांधी ने सोमवार को संसद की कार्रवाई में भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने भगवान शंकर की तस्वीर दिखाई। जब राहुल ऐसा कर रहे थे तभी स्पीकर ने उन्हें नियमों का हवाला देते हुए रोक दिया। इस पर राहुल ने कहा कि क्या भगवान शंकर की फोटो दिखाना भी मना है? तब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आपके ही साथी ने नियमों का हवाला दिया है। इसके मुताबिक सदन में किसी तरह के प्लेकार्ड की इजाजत नहीं है। इसके बाद राहुल गांधी ने यह बताना शुरू किया वह भगवान शंकर की फोटो क्यों दिखा रहे हैं। बाद में राहुल गांधी ने विभिन्न धर्मगुरुओं की तस्वीरें भी दिखाईं। राहुल गांधी ने कहा कि हम भगवान शिव की तरह नीलकंठ हो गए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम कहते हैं कि (महात्मा) गांधी मर चुके हैं और गांधी को एक फिल्म द्वारा पुनर्जीवित किया गया था। क्या आप अज्ञानता को समझ सकते हैं?... एक और बात जो मैंने देखी वह यह है कि सिर्फ एक धर्म नहीं है जो साहस की बात करता है। सभी धर्म साहस की बात करते हैं।

इससे पहले राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- RSS की विचारधारा देश के लिए खतरनाक है। इस पर सभापति जयदीप धनखड़ ने कहा- RSS देश के लिए काम करती है। इसमें अच्छे लोग जुड़े हैं। इस पर खड़गे ने कहा- RSS की विचारधारा मनुवादी है। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने उनकी बात को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाने की मांग की। धनखड़ ने उनकी मांग पर बयान को कार्यवाही से हटा दिया।

## TMC सांसद को मानहानि केस में झटका

# केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की पत्नी को देने होंगे 50 लाख



**नई दिल्ली.** तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले को मानहानि के मामले में 50 लाख रुपये की रकम केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की पत्नी लक्ष्मी पुरी को देने होंगे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को साकेत गोखले को यह आदेश दिया। साकेत गोखले पूर्व राजनयिक लक्ष्मी पुरी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी अघोषित दौलत से स्विट्जरलैंड में प्रॉपर्टी खरीदी है। राज्यसभा सांसद साकेत गोखले के खिलाफ लक्ष्मी पुरी ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें अदालत का यह आदेश आया है। 50 लाख रुपये देने के अलावा साकेत गोखले को एक बड़े अखबार में माफीनामा भी छपवाना होगा। इसके अलावा एक्स हैंडल पर भी माफी मांगनी होगी। अदालत ने टीएमसी के सांसद को आदेश दिया कि आपको 8 सप्ताह के भीतर इस आदेश पर अमल करना होगा। लक्ष्मी पुरी के पति हरदीप सिंह पुरी मोदी सरकार में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं। गोखले ने लक्ष्मी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी अघोषित संपत्ति स्विटजरलैंड में प्रॉपर्टी खरीदी है। इस मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने 2021 में ही आदेश दिया था कि गोखले को अपने मानहानि करने वाले ट्वीट्स हटा लेने चाहिए।

# 3 नए आपराधिक कानून आज से लागू

- गृह मंत्री शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा
- 77 साल बाद न्याय व्यवस्था स्वदेशी हुई

**नई दिल्ली.** देश में अंग्रेजों के जमाने से चल रहे कानूनों की जगह 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। इन्हें IPC (1860), CrPC (1973) और एविडेंस एक्ट (1872) की जगह लाया गया है। कानूनों के लागू होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया को इन कानूनों की जानकारी दी। शाह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब पूरी तरह से स्वदेशी हो गया है। शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा। मामलों में देरी की जगह स्पीडी ट्रायल होगा। साथ ही सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम बनेगा।

### 22.5 लाख पुलिसकर्मियों को 12 हजार मास्टर ट्रेनर ने ट्रेनिंग दी

गृहमंत्री के मुताबिक देशभर में 22.5 लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों को नए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की ट्रेनिंग 12 हजार से ज्यादा मास्टर ट्रेनर्स ने दी है। लोकसभा में 9.29 घंटे चर्चा हुई, उसमें 34 सदस्यों ने भाग लिया। राज्यसभा में 6 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। इसमें 40 सदस्यों ने भाग लिया। शाह ने कहा कि यह भी झूठा कहा जा रहा है कि विधेयक को सांसदों को बाहर भेजे जाने (निलंबित किए जाने) के बाद



लाया गया। विधेयक को पहले ही कार्य मंत्रणा समिति के पास भेजा जा चुका था।

### ग्वालियर में दर्ज हुआ पहला केस

इन कानूनों के लागू होने के साथ ही देश में सबसे पहला केस ग्वालियर में दर्ज हुआ। इस बात की जानकारी शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा यह FIR मोटर साइकिल चोरी की थी। जिसे 12.10 मिनट पर दर्ज किया गया था। हालांकि इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नए कानूनों के तहत पहली FIR दिल्ली के कमलापार्क थाने में रेहड़ी वाले के खिलाफ और भोपाल के हनुमानगंज थाने में दर्ज की गईं।

### कांग्रेस बोली- मौजूदा कानून बिना बहस खत्म किए गए

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने X पर एक पोस्ट में लिखा- सरकार ने मौजूदा कानूनों को बिना बहस किए खत्म कर दिया। नए कानूनों में और बदलाव किए जाने चाहिए ताकि उन्हें संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप बनाया जा सके। गौरतलब है कि चिदंबरम इन तीनों कानूनों की जांच को लेकर बनाई गई संसद की स्थायी समिति के सदस्य थे।

## मेधा पाटकर को 5 साल की जेल



**नई दिल्ली.** मेधा पाटकर को 5 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। ऐक्टिविस्ट को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की ओर से दायर आपराधिक मानहानि केस में यह सजा दी है। मेधा पाटकर पर आरोप था कि उन्होंने उपराज्यपाल के खिलाफ प्रेस रिलीज जारी की और इससे जनता के बीच उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। यही नहीं अदालत ने मेधा पाटकर को आदेश दिया है कि वह 10 लाख रुपये की रकम विनय सक्सेना को दें। यह उनकी मानहानि की भरपाई के लिए होगी।

# जुलाई में जमकर बरसेंगे बदरा

- सामान्य से अधिक होगी बारिश

**नई दिल्ली.** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की ओर से सोमवार को बड़ी खुशखबरी दी गई। इसमें कहा गया कि पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों को छोड़कर में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा, 'पूरे देश में जुलाई में औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है। लंबी अवधि में होने वाली औसत बरसात 28.04 सेमी से यह 106 प्रतिशत से अधिक होगी। देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, उत्तर-पूर्व भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व व दक्षिण-पूर्व प्रायद्वीपीय के कुछ इलाके यहां अपवाद हो सकते हैं।'

मौसम कार्यालय ने जुलाई महीने में औसत तापमान को लेकर भी जानकारी दी है। इसमें कहा गया कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने वाला है। यह जरूर है कि मध्य भारत, पूर्व व उत्तर-पूर्व भारत और पश्चिमी तट के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रह सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस महीने देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। हालांकि, उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों, मध्य भारत के आसपास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय के कुछ इलाकों को छोड़ा जा सकता है। आईएमडी की ओर से कहा गया कि जुलाई में अच्छी मॉनसून बारिश की उम्मीद है। मृत्युंजय महापात्र ने कहा, 'आमतौर पर देखा गया है कि बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान अधिक होता है।' उत्तर पश्चिम भारत में 1901 के बाद बीते महीने जून में 31.73 डिग्री सेल्सियस के औसत तापमान दर्ज हुआ, जो कि सबसे गर्म रहा। यहां मासिक औसत अधिकतम तापमान 38.02 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.96 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। IMD के मुताबिक, औसत न्यूनतम तापमान 25.44 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी और 3 बच्चों के शव

**आलीराजपुर.** आलीराजपुर में पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। घटना आलीराजपुर जिले के सांडवा थाना क्षेत्र के राउड़ी गांव की है। एसपी राजेश व्यास समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर हैं। एफएसएल की टीम जिला मुख्यालय से घटनास्थल के लिए निकल चुकी है। पुलिस ने बताया कि राकेश पिता जागर सिंह, उसकी पत्नी ललिता, बेटी लक्ष्मी, बेटा प्रकाश और अक्षय के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। राकेश के चाचा सुबह घर पहुंचे तो इसकी जानकारी लगी। इसके बाद सांडवा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पोस्टमॉर्टम के लिए शवों को आलीराजपुर जिला अस्पताल लाया जा रहा है। पड़ोसियों का कहना है कि राकेश किसान था। उसने या परिवार के किसी सदस्य ने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया।

# ‘बुलडोजर न्याय’ प्रणाली चलने नहीं देंगे

**नई दिल्ली.** भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 आज से भारत में प्रभावी हो गए हैं. मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इन कानूनों की निंदा की है.भारत में इन तीनों नए आपराधिक कानूनों ने ब्रिटिश कालीन कानूनों भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है. तीन नए आपराधिक कानूनों को विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि विपक्ष का आरोप है कि इन्हें संसद में जबरन पारित किया गया था. कांग्रेस नेताओं ने इन कानूनों की निंदा करते हुए इन्हें असंवैधानिक और गैरजरूरी बताया है. सुप्रीम कोर्ट में भी इन तीनों कानूनों के खिलाफ



एक जनहित याचिका दायर की गई है. कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कानून के लागू होने वाले दिन यानी एक जुलाई को एक्स (पहले ट्विटर) पर एक ट्वीट कर इन कानूनों की निंदा की है. खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹चुनाव में राजनीतिक और नैतिक झटके के बाद मोदी जी और भाजपा वाले संविधान का आदर करने का खूब दिखावा कर रहे हैं, पर सच तो ये है कि आज से जो आपराधिक न्याय प्रणाली के तीन कानून लागू हो रहे हैं, वो 146 सांसदों को सस्पेंड कर जबरन पारित किए गए. इंडिया गठबंधन अब ये 'बुलडोजर न्याय' संसदीय प्रणाली नहीं चलने देगा₹ वहीं कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नए कानूनों का बड़ा हिस्सा ₹कट, कॉपी और पेस्ट₹ वाला है जिसे कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था. तीन नए कानूनों पर कांग्रेस ने उठाए सवाल चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं. तथाकथित नए कानूनों में से 90-99 प्रतिशत कट, कॉपी और पेस्ट का काम है. जो काम मौजूदा तीन कानूनों में कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था, उसे एक बेकार की कवायद में बदल दिया गया है₹

*__मुरादाबाद.__ तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के पैथोलॉजी डिपार्टमेंट की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच पुलिस ने जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों को सूचना दे दी गई है।


## PUBLIC NOTICE
### जाहीर नोटीस

इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. 127, यू.नं. 3ए, शीट नं. 34, उल्हासनगर- 421003.

हम उपरोक्त संपत्ति के संपूर्ण मालिकाना हक रखते हैं। अगर उपरोक्त संपत्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी भी किस्म की आपत्ती हो तो वह 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ती नीचे दिए गए पत्ते पर दे सकते हैं। 7 दिनों के बाद किसी भी आपत्ती को मान्य नहीं किया जाएगा।

सही/-
**नैना क.**
पहला माला, होरीजन अपार्टमेंट, उल्हासनगर-2

### सार्वजनिक नोटिस

इसके द्वारा सभी को सूचना दी जाती है कि फ्लैट नं.ए-303,द्वारका धाम बिल्डिंग ऑप्प.रामायण नगर,उल्हासनगर 421003,जि.ठाणे,के नाम से जानी जाने वाली अचल संपती का कानूनी मालिक श्री.विजय शर्मा हैं (उपर संदर्भित संपती के बारे मे)उक्त संपत्ति में स्वामित्व के मुद्दे हैं क्योंकि उनकी बहनें राधा शर्मा और शीला शर्मा उनकी सहमति के बिना इस संपत्ति को बेचने या पुनर्विकास करने की कोशिश कर रही हैं।इसलिए यह नोटिस दिया जाता है कि कोई भी व्यक्ति श्री विजय शर्मा [उनके व्हाट्सएप संपर्क विवरण - +1 (206) 619-8988] की सहमति के बिना उक्त संपत्ति के संबंध में कोई कानूनी लेनदेन नहीं कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा कर रहा है तो वह व्यक्ति कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होगा।

सही/-
**ॲड. जय रिजवानी**

स्थानः उल्हासनगर
दिनांकः 02/07/2024

### आम सूचना

मैं श्री अनिल नथूराम दोहरे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 413, सामने बैरक नं. 424, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय015675400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अरविंद नथूराम दोहरे के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.6.2024 सी.नं. 1552 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल नथूराम दोहरे**


# कौन होगा भारत का अगला टी-20 कप्तान

## पंड्या की दावेदारी सबसे मजबूत; पंत, सूर्या और बुमराह भी रेस में

**29 जून को भारत ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता...चैंपियन बनते ही टीम के 3 दिग्गजों ने टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया, इनमें विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल हैं।**



अब हमें अगला टी-20 वर्ल्ड कप कौन सा कप्तान जिताएगा...क्या वह फाइनल चेंजिंग कैच पकड़ने वाले सूर्यकुमार यादव होंगे। खतरनाक साबित हो रहे क्लासन और मिलर को पवेलियन भेजने वाले हार्दिक पंड्या होंगे, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह या फिर मौत को मात देकर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले मिरेकल मैन ऋषभ पंत होंगे।

### 1. हार्दिक पंड्या

हार्दिक पंड्या कप्तान बनने के दावेदारों की रेस में सबसे आगे हैं। उनके पास टी-20 इंटरनेशनल में 100 मैचों का अनुभव है, जो अन्य किसी दावेदार के पास नहीं है। पंड्या ने 16 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारत की कप्तानी की है, इनमें से टीम ने 10 मुकाबले जीते।

### 2. ऋषभ पंत

जीत का जबर्दस्त जज्बा पंत को भारतीय कप्तानों की रेस का दावेदार बनाता है। वे आज से 18 महीने पहले अस्पताल में थे और जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे थे, उनका कार एक्सीडेंट हुआ था। तब किसी ने नहीं सोचा था कि पंत भारत की टी-20 वर्ल्ड कप विनिंग टीम का हिस्सा होंगे।

### 3. सूर्यकुमार यादव

सूर्यकुमार यादव अपने दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया का कैप्टन बनने की दावेदारी ठोंक रहे हैं। 68 मैचों में 167.74 के स्ट्राइक रेट से 2340 रन बना चुके हैं। वे अपनी कप्तानी में एक सेंचुरी जमा चुके हैं। सूर्या की कप्तानी में भारत ने 7 में से 5 मैच जीते हैं। सूर्या अपनी कप्तानी में 164.83 की स्ट्राइक रेट से 300 रन बना चुके हैं।

### 4. जसप्रीत बुमराह

जसप्रीत बुमराह, भारतीय टीम में तुरुप का इक्का। 70 मैचों में 89 विकेट ले चुके हैं। इनके नाम कई रिकॉर्ड हैं, लेकिन सिर्फ 2 मुकाबलों में ही भारतीय टीम की कप्तानी की है और दोनों ही मुकाबले जीते हैं। बुमराह अपनी कप्तानी में खेले 2 मुकाबलों में 4 विकेट ही ले सके हैं।


### आम सूचना

हम श्री रवि हरिराम पहुजा व श्रीमती सोनाली रवि पहुजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 203-ए, और 203बी, 2रा माला, धर्म पैलेस, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 28बीआय007471600) उक्त प्रॉपर्टी श्री परमानंद नानिकराम मोहिनाणी व श्रीमती ज्योति परमानंद मोहिनाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.2.2024 सी.नं. 7 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रवि हरिराम पहुजा**
**व श्रीमती सोनाली रवि पहुजा**

### आम सूचना

मैं श्री अनिल नथूराम दोहरे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 413, सामने बैरक नं. 424, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय015675400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिल नथूराम दोहरे के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.6.2024 सी.नं. 1554 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल नथूराम दोहरे**

### आम सूचना

मैं श्रीमती मीनू कौर हरदीप सिंघ दिहोत सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 547.5 चौ.फीट, पीछे गुरुद्वारा, श्री अकाल शरण, चर्च के पास, पंजाबी कालोनी, सुभाष नगर, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27सीओ0219636600) उक्त प्रॉपर्टी श्री हरनामसिंघ गुरमुखसिंघ लबाणा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.6.2024 सी.नं. 1016 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मीनू कौर हरदीप सिंघ दिहोत**

### आम सूचना

मैं श्री मूरथी गणपती मुदलियार सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 190 चौ.फीट, सुभाष नगर कालोनी, चर्च के पीछे, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27बीओ004796400) उक्त प्रॉपर्टी श्री कुमार अरुमुगम मुदलियार के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.6.2024 सी.नं. 992 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मूरथी गणपती मुदलियार**

संक्षेप...

## करंट लगने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**मुंबई.** सोमवार दोपहर 3 बजे के आसपास गोरेगांव पूर्व के मीनाताई ठाकरे मैदान में एक चौंकाने वाली घटना घटी, जब म्हाडा द्वारा पुलिस के लिए बनाए गए पोस्ट की छत से गेंद निकालने के लिए गए एक दस वर्षीय लड़के की करंट लगने से मौत हो गई।

गोरेगांव पूर्व के न्यू म्हाडा कॉलोनी सर्कल में मीनाताई ठाकरे ग्राउंड में एक 10 वर्षीय लड़का क्रिकेट खेल रहा था, उसकी गेंद एक बंद पुलिस चौकी की शीट पर गिर गई, जब वह गेंद को निकालने के लिए शीट पर चढ़ गया, तो उसने करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने मीनाताई ठाकरे मैदान में बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा खड़ा कर दिया है.

# अचानक आया सैलाब, बह गया पूरा परिवार

- महिला समेत 4 लड़कियों की डूबने से मौत
- दो लोग तैर कर किनारे पर आए





**लोनावला.** लोनावाला में छुट्टियां मना रहे एक परिवार के पांच सदस्य रविवार की दोपहर भूसी बांध के बैकवाटर के पास एक झरने के तेज बहाव में बह गए। घटना दोपहर करीब 1:30 बजे हुई और पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। रस्सियों और ट्रैकिंग गियर से लैस बचावकर्मी पीड़ितों के शवों की तलाश करते रहे, जिसमें पहले दो शव बरामद हुई फिर सोमवार की सुबह बचे तीन शव बरामद कर लिए गए हैं।

आसपास मौजूद लोगों के मुताबिक बारिश के मौसम में यह परिवार यहां पानी का आनंद ले रहा था तभी लगातार होती बारिश पानी का बहाव तेज हो गया और वे सभी एक चट्टान पर फंस गए लोगों ने उनकी मदद करने की बहुत कोशिश की लेकिन तेज बहाव में किसी की भी इतनी हिम्मत नहीं हुई की पानी में कूद कर उनकी जान को बचा सके।तेज बहाव में परिवार के पांच लोग बह गए जिससे उनकी मौत हो गई। लोनावला के इस झरने को रेलवे झरना कहा जाता है, यहीं से पानी भुशी बांध में जाता है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि रविवार को पुणे के लोनावाला इलाके में भूशी बांध के बैकवाटर के पास एक झरने में एक महिला और दो बच्चे डूब गए, जिसमें 4 और 9 साल के बच्चे भी शामिल हैं। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने कहा कि यह घटना दोपहर 12:30 बजे हुई जब एक परिवार पिकनिक के लिए झरने के पास गए थे और घटना हो गई। एसपी ने कहा, ऱऐसा लगता है कि वे भुशी बांध से लगभग दो किलोमीटर दूर झरने में फिसल गए और जलाशय के निचले हिस्से में डूब गए। रिपोर्ट के मुताबिक उनमें से केवल दो लोग तैर कर किनारे पर आ पाए, जबकि बाकी पांच लोग पानी के तेज बहाव में बह गए. इस घटना में एक 36 वर्षीय महिला और 4 लड़कियों की डूबने ने मौत हो गई है। पुलिस ने कहा कि हडपसर क्षेत्र के अंसारी परिवार के सदस्य पिकनिक के लिए भूशी बांध गए थे। वे बांध के करीब झरने को देखने गए थे, लेकिन इलाके में भारी बारिश के कारण पानी का प्रवाह बढ़ने पर उन्हें पता नहीं चला और वे बह गए। मृतकों में शाहिस्ता अंसारी (36), अमिमा अंसारी (13) और उमेरा अंसारी (8) के शव रविवार को ही बरामद कर लिए गए जबकि सोमवार की सुबह अदनान अंसारी (4) और मारिया सैय्यद (9) के शव मिले हैं।

# पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों की दुर्दशा

- तेज़ बारिश में खुले में रात, न शौचालय, न स्नानघर



**मुंबई.** पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों को परेशानी हो रही है. भारी बारिश में खुले में रात गुजारनी पड़ती है, शौचालय या बाथरूम नहीं है. तेज़ बारिश में खुले में रात, न शौचालय, न स्नानघर। खाकी वर्दी पहनने की तैयारी कर रहे कई युवाओं को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सामने आया है कि मुंबई में पुलिस भर्ती के लिए आए अभ्यर्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पुलिस भर्ती के लिए फील्ड टेस्ट पश्चिमी उपनगर गोरेगांव पूर्व में एसआरपीएफ कैंप के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस फील्ड टेस्ट की पूर्व संध्या पर विभिन्न जिलों के अभ्यर्थियों ने मैदान के आसपास के इलाकों में डेरा डाल दिया. मुख्य सड़क पर चल रही कारों की भीड़ को नजरअंदाज कर कई युवाओं ने फुटपाथ के सहारे रात गुजारी। राज्य में इस समय पुलिस भर्ती चल रही है और इसके लिए हजारों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रदेश में 19 जून से बड़ी पुलिस भर्ती शुरू हो गई है। महाराष्ट्र पुलिस बल में 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है.

इस भर्ती के लिए 17 लाख 76 हजार 256 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. इस बीच यह बात सामने आई है कि अभ्यर्थियों को परेशानी हो रही है.

# वरिष्ठ IAS सुजाता सौनिक ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार



**मुंबई.** महाराष्ट्र को पहली महिला मुख्य सचिव मिल गईं हैं। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुजाता सौनिक ने रविवार को महाराष्ट्र की मुख्य सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसी के साथ आईएएस सुजाता सौनिक, महाराष्ट्र के 64 वर्षों के इतिहास में मुख्य सचिव बनने वालीं पहली महिला बनीं हैं।

आपको बता दें कि आईएएस सुजाता सौनिक वर्ष 1987 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें नितिन करीर की जगह मुख्य सचिव बनाया गया है। करीर मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सुजाता सौनिक का कार्यकाल एक वर्ष का होगा क्योंकि जून 2025 में वे भी सेवानिवृत हो जाएंगीं।

दक्षिण मुंबई स्थित राज्य सचिवालय में आयोजित किए गए एक समारोह में नितिन करीर ने सुजाता सौनिक को कार्यभार सौंपा। आईएएस सुजाता सौनिक के पति मनोज सौनिक भी इससे पहले राज्य के मुख्य सचिव रह चुके हैं। मुख्य सचिव बनने से पहले आईएएस सुजाता राज्य के गृह विभाग में अपर मुख्य सचिव रह चुकीं हैं।

## रेल दुर्घटना में दो यात्रियों की मौत

**कल्याण.** कल्याण स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गैप में गिरने से एक महिला सहित दो यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई, मरने वाले यात्रियों का नाम लालनदेवी राजेश शर्मा (54) और देवाशीष दीपक मिश्रा (32) बताया गया है. दौंड-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस पकड़ने के लिए कल्याण आए थे, रेलवे पुलिस के अनुसार ट्रेन प्लेटफार्म नम्बर 7 पर खड़ी थी. चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त दोनों यात्रियों का पैर फिसल गया और वे प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच के गैप में गिरने की वजह से ट्रेन की चपेट में आ गए. हादसे के वक्त कुछ यात्री उन्हें बाहर खींचने की कोशिश किए, लेकिन वे सफल नहीं हुए.

# MLC चुनाव के लिए BJP ने उतारे 5 उम्मीदवार

- लिस्ट में पंकजा मुंडे का भी नाम

उल्हास विकास संवाददाता

**मुंबई.** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने विधान परिषद चुनाव के लिए 5 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। बीड से लोकसभा चुनाव हारी पंकजा मुंडे को विधान परिषद (MLC) का टिकट दिया गया है। बीजेपी ने जिन 5 लोगों के नाम जारी किए हैं। पार्टी इन नामों के जरिए ओबीसी, आदिवासी, किसान, बंजारा समाज को साधने की कोशिश की है। बीजेपी ने इन उम्मीदवारों के जरिए विधानसभा चुनाव से पहले सोशल इंजीनियरिंग की कोशिश की है।



- सदाभाऊ खोत ने पीएम मोदी और नड्डा का जताया आभार

किसान नेता सदाभाऊ खोत ने एमएलसी का टिकट मिलने पर कहा, 'बीजेपी नेताओं ने मुझ जैसे सहयोगी दल के छोटे किसान नेता को टिकट दिया है। इसके लिए वह पीएम मोदी और जेपी नड्डा का धन्यवाद देते हैं।'

**BJP के 5 उम्मीदवार**
- पंकजा मुंडे
- परिणय फुके
- सदाभाऊ खोत
- अमित गोरखे
- योगेश टिलेकर

- कांग्रेस राज में सबसे ज्यादा किसानों ने की आत्महत्याएं

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी दल के नेताओं ने जो महाराष्ट्र की जनता से झूठ बोला और वोट लिया है। विधानसभा चुनाव में ऐसा नहीं होगा। किसानों को हमेशा से बीजेपी ने सम्मान दिया है। कांग्रेस के 50 साल के राज में 80 हजार से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की थी।

- 12 जुलाई को है MLC का चुनाव

बता दें कि महाराष्ट्र में एमएलसी का चुनाव 12 जुलाई को होना है। राज्य के उच्च सदन में 11 सीटें हैं, जिन पर मौजूदा एमएलसी का 6 साल का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसलिए इन सीटों पर फिर से चुनाव होने हैं। 12 जून को सभी 11 सीटों पर मतदान के बाद उसी दिन शाम को नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे।

# स्व. वसंतराव नाईक का किया गया अभिवादन



**ठाणे.** महाराष्ट्र के हरित क्रांति के प्रणेते स्व.वसंतराव नाईक ने राज्य में कृषी क्षेत्र में उनका बड़ा योगदान था।आज उनके जयंती के उपलक्ष्य में जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते के हाथों से स्व.वसंत राव के प्रतिमा पर हार फूल अर्पित कर अभिवादन किया।साथ ही कृषी विकास अधिकारी रामेश्वर पाचे ने कहा कि नाईक ने किसानों के लिए अच्छा काम किया था।किसानों के लिए आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने से किसानो की उत्पादकता बढ़ाने में बृद्धि हुआ यह उनका महत्वपूर्ण योगदान था।इसलिए किसानों के लिए यह दिन महत्वपूर्ण दिन है।इस अवसर पर उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सा. प्र) अविनाश फडतरे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत) प्रमोद काले, मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी वैजनाथ बुरडकर, स्वच्छता व पानी पुरवठा विभाग प्रमुख अतुल पारसकर, पशुसंवर्धन विभाग प्रमुख डॉ. समीर तोडणकर,जिला जलसंधारण अधिकारी दिलीप जोकार सहित अधिकारी व कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य कर्मियों के आंदोलन के कारण सेवाएं बाधित

**मुंबई.** बीएमसी के अंतर्गत काम करने वाली आशा और स्वास्थ्य कर्मियों ने 11 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है. लेकिन शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के कारण आशा एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने चरणबद्ध तरीके से अपना आंदोलन जारी रखा है. हालांकि, इसका असर मनपा की स्वास्थ्य सेवाओं पर देखने को मिल रहा है. आशा सेविका और आरोग्य सेविका को आवासीय स्तर पर मुंबई नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माना जाता है। वे घर पर स्वास्थ्य गतिविधियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं।

आशा और स्वास्थ्य कार्यकर्ता बच्चों का टीकाकरण, वरिष्ठ नागरिकों के रक्तचाप और मधुमेह की जाँच, गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के साथ दवाएँ उपलब्ध कराना, उनके लिए योजनाएँ, नवजात शिशुओं का पंजीकरण जैसे कार्य करती हैं। हालांकि, पिछले महीने से आशा और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुलाए गए विरोध प्रदर्शन का असर नगर निगम की इन विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है.

इसी प्रकार, टीबी की रोकथाम के लिए आईसीएमआर और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन परियोजना के तहत टीबी रोगियों का बीसीजी टीकाकरण किया गया है।

# शिवड़ी में 223 निरंकारी भक्तों का उत्साहपूर्ण रक्तदान



**मुंबई.** 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं' के भाव को लेकर संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रविवार, 30 जून को प्रबोधनकार ठाकरे म्युनिसिपल स्कूल, शिवडी, मुंबई में आयोजित भव्य रक्तदान शिविर में 223 निरंकारी भक्तों ने बड़े उत्साह के साथ रक्तदान किया. संत निरंकारी रक्तपेढी, विले पार्ले द्वारा रक्त संकलन किया गया.

निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा का कथन है कि जीवन तभी महत्वपूर्ण बन जाता है जब वह दूसरों के लिये जिया जाए. इसी भाव को लेकर निरंकारी भक्त निष्काम भाव से निरंतर मानवता की सेवा में अपना योगदान देते रहते हैं. इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन संत निरंकारी मंडल की दादर विभाग की संयोजक पूजा चुघ के हाथों किया गया. इस अवसर पर मंडल के कई प्रबंधक एवं सेवादल अधिकारी उपस्थित थे. शिविर को शिष्टाचार भेंट करने वाले गणमान्य व्यक्तियों में विधायक अजय चौधरी, पूर्व नगरपाल डॉ.जगन्नाथराव हेगडे एवं पूर्व नगर सेवक सचिन पडवल आदि का समावेश था. संत निरंकारी मंडल के स्थानीय मुखी श्री मोहन धुरी ने स्थानीय सेवादल युनिट एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के स्वयंसेवकों के सहयोग से इस शिविर का सफल आयोजन किया.

# अंबरनाथ श्री श्रद्धा हिंदी विद्यालय के विद्यार्थियों में कॉपियां वितरित



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार मंडल द्वारा संचालित श्री श्रद्धा हिंदी विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों को संस्था के अध्यक्ष डॉ. आर. ए. सिंह, सचिव कमर काजी, ट्रस्टी यूसुफ शेख एवं बृजलाल जैसवाल के हाथों शैक्षणिक वर्ष के लिए कापियां वितरित की गईं.

विधायक डॉ. बालाजी किणीकर द्वारा जारी स्कूलों में जाकर कापियां वितरण अभियान के अंतर्गत श्री श्रद्धा स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों में कापियां वितरित की गईं. पत्रकार राजेंद्र सूर्यवंशी भी उपस्थित थे. डॉ. आर. ए. सिंह ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि उन्होंने और उनके साथियों ने किस मुश्किलों से होकर इस स्कूल की स्थापना की. आज इस स्कूल में पहली से दसवीं तक के 500 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. यूसुफ शेख ने भी शेर शायरी करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों एवं पालकों का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में स्कूल के मुख्याध्यापक पद्माकर तिवारी, यशवंत आर. सिंह, गीता सिंह, प्रियंका तिवारी, सरिता बेरड, उस्मानी काजी आदि शिक्षक उपस्थित थे.

# श्वेता तिवारी की सादगी ने जीता दिल



श्वेता तिवारी आए दिन अपने फैशन सेंस और ग्लैमरस लुक के चलते खबरों में बनी रहती हैं. 43 की उम्र में भी श्वेता अपनी फिटनेस और लुक्स से यंग एक्ट्रेसेज को जबरदस्त टक्कर देती हैं. हाल ही में श्वेता तिवारी ने लाइट ब्राउन कॉर्ड-सेट में अपनी फोटोज साझा की हैं जिन्हें सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है.

श्वेता तिवारी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर लाइट ब्राउन कॉर्ड-सेट में अपनी फोटोज साझा की. एक्ट्रेस की इन फोटोज पर उनके फैंस ने दिल खोलकर प्यार लुटाया है. इन फोटोज को देख आप एक्ट्रेस की उम्र का बिलकुल भी अंदाजा नहीं लगा सकेंगे.

श्वेता ने अपने बॉसी लुक को सिंपल मेकअप और वेवी हेयर के साथ पूरा किया है. उन्होंने गोल्डन ब्रेसलेट और इयरिंग के साथ अपने आउटफिट को पेयर किया है.

ये फोटोज साझा करते हुए श्वेता तिवारी ने चियर्स का ईमोजी साजा किया है. उनकी इस फोटो पर एक्ट्रेस के फैंस ने दिल खोलकर प्यारा लुटाया है. एक सोशल मीडिया यूजर उनकी फोटो पर कमेंट करते हुए लिखते हैं, 'ये दिन-प्रतिदिन और जवान होती जा रही हैं'.

श्वेता तिवारी ने इस सिंपल ड्रेस में सबका दिल जीत लिया है. फैंस उनके ग्लैमर के साथ ही उनकी सादगी की भी जमकर तारीफ कर रहे हैं.

वहीं एक यूजर ने एक्ट्रेस की तारीफ करते हुए लिखा, 'इन्हें जब भी देखो ये उम्र के साथ और भी जवान होती जा रही हैं'.

अब अगर आप सोच रहे हैं कि श्वेता कि ये ड्रेस शायद बहुत महंगी होगी, तो बता दें कि ऐसा बिलकुल नहीं है. उनकी ये ड्रेस इतनी किफायती है कि इसे कोई भी खरीद सकता है.

# पर्यावरण पर स्कूली बच्चों को दिया संदेश

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** शहर में स्थित वसंत विहार परिसर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शिवशांति प्रतिष्ठान द्वारा प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के लिए स्कूली बच्चों को स्कूल की प्राचार्या सिम्मी जुनेजा व संयोजिका रेशमी नायर के मार्गदर्शन में फ्री फ्रॉम प्लास्टिक अभियान के तहत दिया संदेश।प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बच्चों को संदेश दिया कि प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्परिणाम को रोकने के लिए हमारी संस्था समय-समय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया करती है।साथ ही शहर में स्थित स्कूलों के विद्यार्थियों को प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने की योजनाओं के विषय में मार्गदर्शन दिया जाता है। 27 जून को डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को फ्री फ्रॉम प्लास्टिक अभियान के तहत मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका रेशमी नायर, शिक्षिका बिनीता महतो,आकांक्षा घोश, रश्मी ब्यवार उपस्थित रही।वहीं संस्कार ट्रस्ट की लक्ष्मी मौर्या ने बताया कि पर्यावरण पर प्लास्टिक का दुष्परिणाम बहुत अधिक है। प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए सभी को पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना होगा, साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने के लिए जागरूक करना होगा। इसलिए हमारी संस्था के माध्यम से पूरे वर्ष भर वृक्षारोपण, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान जैसे तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

**ठाणे.** एक युवक की हत्या कर देने वाले आरोपी पंकज गल्ला गोइल (30) को ठाणे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा का आदेश दिया है। 4 वर्ष पूर्व मुंब्रा निवासी गोइल का पड़ोस में रहने वाले सलाम खान के साथ किसी बात को लेकर आपसी वाद विवाद हो गया था। इसी दौरान गोइल ने क्रोध में आकर सलाम खान पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सलाम खान को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। इस मामले की अंतिम सुनवाई 1 जुलाई को मुख्य जिला न्यायाधीश श्रीनिवास अग्रवाल की अदालत में हुई। गवाहों के बयान और पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया।

## जाहीर नोटीस

याव्दारे खालील कर्जदार व जामीनदार यांना कळविण्यात येते की, कर्जदार यांनी शिव-कला अर्बन को. ऑप. केडीट सोसायटी लि. पत्ता- बि 3, गणपती प्लाझा, यु.एम.सी. रोड, चोपाडा कोर्ट, उल्हानगर-42100, जिल्हा ठाणे येथून सोने तारणावर कर्ज घेतले होते. घेतलेल्या कर्ज रक्कमेची मुदतीत भरणा न केल्याने / करीत नसल्याने त्यांना जाहीर नोटीस देण्यात येते की, ही नोटीस प्रसिध्द झाल्याच्या 15 दिवसात कर्जाचा भरणा करून दागिने सोडवून न्यावेत. अन्यथा दिनांक 15/07/2024 रोजी सकाळी 11. 0 वाजता वर नमुद पत्यावर त्यांनी गहाण ठेवलेल्या दागिन्यांची जाहीर लिलावाने / बाजारभावाने (मोडीच्या भावात) विकी करून कर्ज वसुल करण्यात येईल. तसेच यासाठी होणार खर्चाची त्यांचे कडूनच वसुल केला जाईल याची नोंद घ्यावी.

लिलावाची दिनांक व वेळ बदलण्याचा अधिकार संस्था राखून ठेवीत आहे.

| कर्ज खाते क. | कर्जदाराचे नांव | कर्ज दिनांक | कर्ज रक्कम | एकुण येणे |
|---|---|---|---|---|
| BT/1920/7408 | श्री. पंकज जेठानंद वाधवानी (कर्जदार)<br>श्रीमती. हेतल विक्की कुर्सेजा (जामीनदार)<br>श्रीमती. दया जेठानंद वाधवानी (जामीनदार) | 07/01/2020 | 25,00,000/- | 36,04,994/- |

ठिकाणः उल्हासनगर
दिनांकः 29/06/2024

शिक्का

सही/-
**सेक्रेटरी**
शिव-कला अर्बन को. ऑप. क्रेडीट सोसा लि.

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099